## ढीमरखेड़ा तहसील क्षेत्र के ग्राम अतरसुमा में सरकारी जमीन से हटाया कब्जा

# अतिक्रमण हटाने मूंग एवं उड़द की फसल में प्रशासन ने चलवा दी जेसीबी एवं ट्रेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा

ढीमरखेड़ा तहसील क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अतरसुमा में प्रशासन द्वारा सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाने के लिए खेत में लगी फसल पर जेसीबी एवं ट्रेक्टर चलवा दिया गया। जिस सरकारी जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने की कार्यवाही की गई है उसमें पांच महिलाओं द्वारा करीब 30 से 35 सालों से खेती की जा रही थी।

महिलाओं में पंचो बाई गौड़, द्रोपती बाई गौड़, मैकी बाई गौड़, ज्ञान बाई गौड़ और प्रेम बाई गौड़ शामिल हैं। इन सभी के द्वारा शासकीय भूमि पर एक-एक एकड़ में लगातार खेती कर रही थीं। मौजूदा समय में उक्त भूमि पर मूंग और उड़द की फसल बोई गई थी। बोई गई फसल में पानी लगाने का कार्य किया जा रहा था इसी बीच प्रशासन ने जेसीबी व ट्रैक्टर चलवाकर पूरी फसल को नष्ट कर दिया गया। महिलाओं ने बताया कि यह कार्रवाई 22 अप्रैल को की गई, जबकि नोटिस मात्र एक रात पहले 21 अप्रैल को रात 10 बजे दिया गया था।



### प्रशासन ने एक नहीं सुनी

पीड़ित महिलाओं का कहना है कि उन्होंने प्रशासन से विनती की कि फसल कटने तक उन्हें जमीन दिया जाए, जिसके बाद वे स्वेच्छा से भूमि खाली कर देंगी लेकिन उनकी एक भी नहीं सुनी गई। वे रोती, गिड़गिड़ाती रहीं, मगर मौके पर मौजूद अधिकारियों ने किसी भी प्रकार की दया नहीं दिखाई। महिलाओं ने यह भी आरोप लगाया गया कि यह पूरी कार्रवाई ग्राम पंचायत के सरपंच और गाँव के प्रभावशाली लोगों के दबाव में की गई।

### दो विधवा व एक विकलांग महिला

महिलाओं का कहना है कि वे पूरी तरह से इस भूमि पर निर्भर थीं। उनमें से दो विधवा हैं और एक विकलांग, जिनकी आजीविका का कोई और साधन नहीं है। प्रशासनिक कार्यवाही के बाद अब उनके जीविकोपार्जन का साधन भी छिन गया। महिलाओं का कहना है कि गाँव में पहले से ही एक खेल मैदान उपलब्ध होने है बावजूद इसके सरपंच द्वारा उक्त भूमि को खेल मैदान घोषित कर अतिक्रमण हटवाने कार्यवाही कराई गई। महिलाओं ने इस कार्यवाही को चुनावी रंजिश और व्यक्तिगत द्वेष करार दिया है।

### इनका कहना है

इस संबंध में नायब तहसीलदार सिलौडी दिनेश असाटी का कहना है कि विगत दो ढाई साल से यह मामला चल रहा था। कब्जाधारियों द्वारा व्यवहार न्यायालय ढीमरखेड़ा में अपील की गई थी जो की अपील खारिज कर दी गई। ढीमरखेड़ा एसडीएम द्वारा अतिक्रमण हटाने का आदेश जारी किया गया था। कार्यवाही को लेकर जो आरोप लगाये जा रहे हैं वह गलत हैं।

# 5 पटवारियों को कारण बताओ नोटिस जारी

## नरवाई जलाने वालों पर कार्यवाही नहीं किये जाने पर मांगा जवाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बहोरीबंद के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व राकेश कुमार चौरसिया ने 5 हल्का पटवारियों को कारण बताओ नोटिस जारी कर उनके हल्का क्षेत्र में नरवाई जलाने की घटना का उल्लेख करते हुये पुलिस थाना में प्राथमिकी दर्ज नहीं कराने और अर्थदंड अधिरोपित किये जाने संबंधी प्रतिवेदन तहसीलदार को प्रस्तुत नहीं करने पर पदीय दायित्व निर्वहन में लापरवाही, उदासीनता तथा वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशों एवं निर्देशों की अवहेलना माना है।

### इन पटवारियों को जारी किया शोकाज नोटिस

एसडीएम बहोरीबंद ने जिन हल्का पटवारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है उनमें स्लीमनाबाद तहसील के हल्का पटवारी मटवारा उमेश कुशवाहा, हल्का पटवारी जुजावल संजय राठौर, हल्का पटवारी धूरी रजनीश गुप्ता और बहोरीबंद तहसील के हल्का पटवारी बचौया नीरज उर्मलिया और हल्का पटवारी राखी राजेश चौधरी शामिल हैं।

### तो की जाएगी कार्यवाही

जारी कारण बताओ नोटिस में कहा गया है कि कलेक्टर दिलीप कुमार यादव द्वारा जारी फसल अवशेष नरवाई जलाने के संबंध में प्रतिबंधात्मक आदेश के बावजूद संबंधित पटवारियों द्वारा इसका पालन नहीं किया जा रहा है। इसलिये सभी पांचों पटवारी 3 दिवस के अंदर समक्ष उपस्थित होकर कारण बताओ नोटिस का जवाब प्रस्तुत करना सुनिश्चित करेंगें। नियत समयावधि में जवाब प्रस्तुत नहीं करने पर एवं समाधानकारक नहीं पाये जाने पर यह माना जायेगा कि आपके पक्ष में कोई आधार नहीं है। इसके लिए एकपक्षीय आदेश पारित किया जाकर मध्यप्रदेश सिविल सेवा वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील नियमों के तहत लघु शास्ति की कार्यवाही की जायेगी।

## खबर संक्षेप

### मिशन चौक ओवर ब्रिज अब आचार्य विद्यासागर ब्रिज के नाम से जाना जाएगा

**कटनी।** नगर स्थित जगन्नाथ चौक से बरगवां डन कालोनी तक निर्मित ओवर ब्रिज अब आचार्य विद्यासागर ब्रिज के नाम से जाना जाएगा। इसी प्रकार चाका से पीरबाबा तक मुख्य मार्ग का नामकरण पंडित अटल बिहारी वाजपेयी मार्ग के नाम पर किया गया है। जबकि निगम परिषद की 17 जनवरी 2025 को संपन्न बैठक में कटनी साउथ स्टेशन का नाम रंगनाथ धाम स्टेशन किए जाने की सर्वसम्मति से प्रदान की गई स्वीकृति के आधार पर निगमायुक्त नीलेश दुबे नें महाप्रबंधक पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर को पत्र प्रेषित कर आवश्यक कार्यवाही करने का लेख किया गया है। आयुक्त नीलेश दुबे द्वारा इस संबंध में सूचना भी जारी कर दी गई है। उल्लेखनीय है कि निगम के जनप्रतिनिधियों द्वारा उक्त स्थलों का नामकरण किए जाने की मांग की गई थी। जिस पर 2 जुलाई 2024 को आयोजित निगम परिषद की बैठक में जगन्नाथ चौक से बरगवां डन कालोनी तक निर्मित ओवर ब्रिज अब आचार्य विद्यासागर ब्रिज और चाका से पीरबाबा तक मुख्य मार्ग का नामकरण पंडित अटल बिहारी वाजपेयी मार्ग किये जानें की स्वीकृति सर्वसम्मति से प्रदान की गई है। परिषद बैठक में स्वीकृति प्रदान किये जाने के उपरांत आयुक्त नीलेश दुबे द्वारा यह नामकरण संबंधी सूचना जारी की गई है।

### जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रार नगर निगम को जारी हुआ नोटिस

**कटनी।** जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रार पोर्टल पर बिना दस्तावेजों की जांच किए एल.एस.सी.एस डिलेवरी के प्रकरणों को सामान्य डिलेवरी दर्ज करने की शिकायत की जांच उपरांत सही पाए जाने पर जिला रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) पवन कुमार अहिरवार ने कार्यवाही करते हुए नगर निगम के रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) को नोटिस जारी कर तीन दिवस में स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है। स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं होने पर इनके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित की जावेगी जिसके जिम्मेदार ये स्वयं होगें। जारी नोटिस अनुसार आवेदक जियालाल केवट पिता रामकिशोर केवट निवासी मानपुर उमरिया ने अपने बेटे का नाम नितेश केवट के जन्म तिथि 11 जनवरी 2025 के माध्यम से रजिस्ट्रीकरण हेतु विलंब के शपथ पत्र के साथ आवेदन प्रस्तुत किया गया। इसी तरह जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रार पोर्टल में रजिस्ट्रेशन 22 अप्रैल 2025 एवं आवेदक सुमित पिता मनवाद चौहान निवासी फारेस्टर वार्ड ने अपनी बेटी का नाम कु. चित्रांशी चौहान पिता सुमित चौहान के जन्म 13.नवंबर 2024 के माध्यम से रजिस्ट्रीकरण हेतु विलंब के शपथ पत्र के साथ आवेदन प्रस्तुत किया गया। उक्त प्रकरणों को जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रार पोर्टल में रजिस्ट्रेशन 22 अप्रैल 2025 के माध्यम से आवेदन संलग्न कर ऑनलाइन प्रस्तुत किया गया। आवेदन में संलग्न दस्तावेज का अवलोकन करने पर हॉस्पिटल द्वारा दर्ज एल एस सी एस डिलेवरी को सामान्य डिलेवरी दर्ज होना पाया गया।

### जल कलश यात्रा निकाल दिया जल संरक्षण का संदेश

**कटनी।** जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जिले में होने वाली विभिन्न गतिविधियों के तहत विगत बड़वारा के मार्गदर्शन में आसमानी मंदिर से जल कलश यात्रा की शुरुआत कर उमडार नदी में आटे के दिये विसर्जित किए गए। आयोजित रैली में नवांकुर संस्था से मनोज तिवारी, प्रस्फुटन समिति धनवाही टोला से फूलबाई, ग्राम सरपंच रामजी गोस्वामी, मुख्य मंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम अंतर्गत कंछेदी कोरी, दुर्गा प्रसाद केवट के साथ ही ग्राम पंचायत बरन महगवां के धनवाही टोला ग्राम वासियों की सहभागिता रही। जल गंगा संवर्धन अभियान में जन भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य अंतर्गत प्राकृतिक एवं अन्य जल स्त्रोतों में श्रमदान के माध्यम से साफ-सफाई का कार्य जारी है।

## बड़वारा थाना क्षेत्र के ग्राम भादावर स्थित खदान में हुई घटना

# खदान की मिट्टी धंसकने से दबी महिला, अस्पताल में डाक्टर ने किया मृत घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बड़वारा के भदावर स्थित खदान में एक बड़ा हादसा हुआ है। यहां पर एक खदान की मिट्टी धंसने से हादसे में एक महिला के मौत होनें पुष्टि हुई है। हादसे की जानकारी मिलने के बाद आनन फानन में निजी वाहन से महिला को शासकीय जिला चिकित्सालय लाया गया जहाँ पर डॉक्टरों की जांच टीम ने महिला को मृत घोषित कर दिया। खदान धंसने की जानकारी मिलने के बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू कर दी हैं।

### काम के दौरान हुआ हादसा

जानकारी के अनुसार बड़वारा थाना क्षेत्र अंतर्गत भदावर के चुटकाहई ग्राम में स्थित डोलामाईट में गुरुवार दोपहर में एक बड़ा हादसा हो गया। यहां खदान का रूफ मिट्टी गिरने से माइन में कार्य कर रहे सुनीता बाई पति तीरथ सिंह गौड़ 50 वर्ष की मृत्यु हो गई। हादसा उस वक्त हुआ जब खदान के अंदर काम चल रहा था और भी कर्मचारी मौजूद रहें।



### अस्पताल लेकर पहुंचे

हादसे की जानकारी मिलते ही मौक़े पर लोंग पहुंचें और आनन फानन में घायल को जिला चिकित्सालय लेकर पहुंचें जहाँ पर डॉक्टरों ने महिला को जांच उपरांत मृत घोषित कर दिया। जिसे शव परीक्षण हेतु सुरक्षित रखा गया।

### जांच में जुटी पुलिस

डोलोमाइट खदान में हादसा की सूचना मिलते ही बड़वारा पुलिस जांच पड़ताल के लिए खदान पहुंची। बहरहाल मृतक महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है जिसके बाद शव परिजनों को सौप दिया जाएंगे। घटना का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। जांच के बाद ही घटना का कारण सामने आ पाएगा। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है

## पंचायती राज दिवस पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन




सशक्त व आधुनिक पंचायतें आत्मनिर्भर भारत की नींव हैं। इस परिकल्पना को साकार करने हेतु 24 अप्रैल को विकासखण्ड स्तरीय पंचायती राज दिवस का आयोजन ग्राम पंचायत इमलिया में किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संबोधन के सीधे प्रसारण को ग्रामीणों ने देखा और सुना। साथ ही प्रधानमंत्री आवास के स्वीकृत हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र वितरित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित आमजन को स्वच्छता संबंधी गतिविधियों से अवगत कराया गया व स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में जल गंगा अभियान अंतर्गत जल संरक्षण एवं संवर्धन के बारे में विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कटनी प्रदीप सिंह, विकासखंड समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन जग्गी पटेल एवं प्रधानमंत्री आवास हितग्राही बलराम दाहिया सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कार्यक्रम संपन्न किया गया।

# नाली निर्माण में अनियमितता के आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा

बड़वारा ग्राम के मध्य से मुख्य सड़क मार्ग कटनी शहडोल मार्ग पर बनाई जा रही नाली में ठेकेदार की मनमानी एवं जिम्मेदार अधिकारियों की अनदेखी की जा रही है। नाली निर्माण में जो बेस डाला जा रहा है वह बहुत ही निम्न श्रेणी का डाला जा रहा है। मौके पर ठेकेदार के मौजूद नही रहने से मिस्त्री बेस का मटेरियल कम व गुणवत्ताहींन नाली निर्माण में लगाते हैं। नाली निर्माण में समतलीकरण नही किया जा रहा है जिसके चलते पानी की निकासी सही व सुचारू नही हो पाएगी। नाली का बेस उबड़ खाबड़ असमतल जमीन पर बनाया जा रहा है। नाली निर्माण में लगे हुए ठेकेदार के कर्मचारी तराई भी नियमित तरीके से नही करते जिससे नाली का बेस कमजोर हो रहा है व जल्दी छतिग्रस्त होने की सम्भावना है। ठेकेदार द्वारा जो नाली का निर्माण करवाया जा रहा उसमें नियमों व मानकों का पालन ही नही किया जा रहा है। पानी निकासी के लिए ढलान ही नही बनाया गया है बारिश के दिनों मे लोगों को उनके घरों के पानी की निकासी अवरुध्द होने से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा।



नाली के अंदर कचड़े का ढेर लगा है जिसको साफ करबाने के पश्चात ही नाली निर्माण कराया जाना था जो नही किया गया। नियमानुसार नाली का निर्माण एक तरफ से कराया जाना था किंतु मनमाने तरीके से आधी अधूरी नाली का निर्माण करवाया जा रहा है जिससे स्थानीय लोगों के साथ साथ शासकीय कार्यालयों में अपने कार्यों को करबाने आने वाले लोगों को भी परेशान होना पड़ रहा है।

स्थानीय जनों ने प्रशासन से मांग की है कि नाली को व्यवस्थित तरीके से बनाया जाये जिससे आगामी समय में किसी तरह की परेशानी का सामना लोगों को नहीं करना पड़े।

## गेहूं उपार्जन केन्द्र सिहुंडी का कलेक्टर ने किया औचक निरीक्षण

# उपार्जन केन्द्र पहुंचे कलेक्टर, किसानों से चर्चा कर ली सुविधाओं की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने गुरूवार की देर शाम को गेहूँ उपार्जन केन्द्र प्राथमिक कृषि साख समिति सिहुड़ी का औचक निरीक्षण किया और यहां किसानों द्वारा समर्थन मूल्य पर बिक्री हेतु लाये गये गेहूँ का शुक्रवार तक शत-प्रतिशत तौल कराने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत भी मौजूद रहे।

### तत्काल करें परिवहन

कलेक्टर श्री यादव को खरीदी प्रभारी आशा लोधी ने बताया कि अब तक 73 किसानों से यहां 6 हजार 342 क्विंटल गेहूँ खरीदा जा चुका है। कलेक्टर ने मौके पर मौजूद जिला आपूर्ति अधिकारी सज्जन सिंह परिहार और कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी पियूष शुक्ला को निर्देशित किया कि खरीदी केन्द्र में उपार्जित गेहूँ का तत्काल परिवहन सुनिश्चित करें। बताया गया कि खरीदी केन्द्र में पर्याप्त मात्रा में साढ़े 27 हजार बारदाने उपलब्ध है। अभी तक मात्र 6 हजार 40 बारदानों का ही उपयोग गेहूँ भरने में किया गया है।



### कोई समस्या तो नहीं है

कलेक्टर श्री यादव ने खरीदी केन्द्र में मौजूद किसान रामसजीवन से चर्चा कर यहां खरीदी केन्द्र में उपलब्ध सुविधाओं और तुलाई आदि में किसी भी प्रकार की समस्या और असुविधा आदि की जानकारी ली। जिस पर किसान ने कहा कि कोई समस्या और दिक्कत नहीं है। इसके अलावा कलेक्टर श्री यादव ने गेहूँ बेचने सिहुड़ी उपार्जन केन्द्र आये किसान राजाराम रैकवार, रमेश कुमार पटेल, सत्यम लोधी, पवन कुमार पटेल और सतेन्द्र सिंह लोधी से भी चर्चा कर खरीदी केन्द्र में पेयजल, शौचालय आदि की सुविधाओं की भी जानकारी ली। किसान भाईयों ने कलेक्टर श्री यादव से यहां व्यवस्थित ढंग से खरीदी प्रक्रिया होने की जानकारी देते हुये कहा कि उपार्जन केन्द्र में सभी सुविधायें बेहतर हैं।

## निगमायुक्त ने आवश्यक बैठक में कर्मचारियों को दिए निर्देश

# जलभराव की स्थिति से निपटने हेतु शुरू की तैयारियाँ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

आगामी वर्षा ऋतु में शहर में कही भी ऐसी जलभराव की स्थिति उत्पन्न ना हो जिससे जनहानि की संभावना हो,जिसको दृष्टिगत रखते हुए नगर निगम आयुक्त श्री नीलेश दुबे ने गुरुवार 24 अप्रैल को एक महत्वपूर्ण बैठक आहूत की।

बैठक में श्री दुबे ने मुख्य रूप से जो प्लान बरसात के दौरान जलभराव होने की स्थिति में जलनिकासी के लिए बनाये जाते हैं उन्हें पूर्व से तैयार करते हुए शहर में छोटे एवं बड़े सभी नाली-नालों की पानी निकासी एवं सफ़ाई किए जाने के निर्देश दिए हैं।

आयुक्त ने शहर के सभी मुख्य बड़े नालों को क्लीयर किए जाने हेतु निविदा आमंत्रित किए जाने एवं छोटे नाली एवं नालों को ऊपर से नीचे तक सफ़ाई के माध्यम से क्लियर करने के निर्देश दिए है।



### जलभराव संभावित गलियों की सूची तैयार करें

बारिश के दौरान नगर निगम सीमांतर्गत ऐसी सभी छोटी संकीर्ण गली जिनमें पानी का भराव होना संभावित है,उन क्षेत्रों में स्थिति को नियंत्रित करने हेतु आयुक्त श्री दुबे ने सभी स्वच्छता निरीक्षकों को उनके क्षेत्र की ऐसी सभी संकीर्ण गलियों जिनमें जनभराव की संभावना अधिक हो को चिन्हित करते हुए सूची तैयार कर प्रस्तुत करने हेतु कहा है।

### मेन रोड के बड़े नालों को जालियों से करें कवर

श्री दुबे ने शहर ऐसे सभी नाले जो मेन रोड पर हो एवं जहां किसी भी प्रकार की दुर्घटना होने की संभावना अधिक हो उन पर जाली लगाने हेतु भी कहा है ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोका जा सके।

सड़ी-गली सब्जियों व फलों से होने वाली संक्रमण बीमारी के रोकथाम हेतु आयुक्त श्री दुबे ने स्वास्थ्य अमले को ऐसे सभी खराब फल सब्ज़ियों को नष्ट कराने एवं उनका विक्रय न किया जाये यह सुनिश्चित किए जाने हेतु एक विशेष अभियान चलाये जाने के निर्देश दिए हैं।

# पहलगांव में हुए आतंकी हमले के विरोध में किया गया पुतला दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा

पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में बड़वारा थाना के समीप शहीद परमानन्द पटेल तिराहा पर बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह की अगुआई में भाजपा कार्यकर्ताओं एवम ग्राम व क्षेत्रीय जन समुदाय ने आक्रोश व्यक्त करते हुए गुरुवार को दिन में 12 बजे विरोध प्रदर्शन किया व आतंकवाद का पुतलादहन किया गया तथा विरोध व्यक्त करते हुए विरोध प्रदर्शन मार्च किया गया। इस जघन्य आतंकी हमला का चहुंओर विरोध व्यक्त किया जा रहा है। विरोध प्रदर्शन थाना तिराहा ( शहीद परमानंद पटेल स्मारक) बड़वारा से किया गया जिसमें सैकड़ों की तादाद में भारी जन समूह सम्मलित हुआ।



बड़वारा विधायक ने कहा कि यह कायराना हरकत बर्दाश्त नही की जाएगी सरकार इसका मुंहतोड़ जबाब देगी। बेगुनाहों की जान लेना बेहद निंदनीय घटना है। विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने कहा इस दुखद घटना से मन आहत है। यह बड़ी ही दुखद घटना है हमारी एवम सरकार की संवेदना आतंकी हमला में हताहत हुए सभी के साथ है।

इस दौरान मुख्य रूप से बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह, बड़वारा सरपंच श्रीमती सुनैना बाई तेकाम, बड़वारा उपसरपंच अनुराग गुप्ता, महेंद्र जायसवाल, हर्ष द्विवेदी, राजेश सिंह, छोटू महाराज, बड़वारा जनपद सीईओ के. के. पाण्डेय, ब्लाक समन्वयक श्रीमती बबीता सिंह, केतन गर्ग, उमाकांत निगम,कान्हा पाटकर सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### श्रमदान कर सहेजा जल, बैठक में बनाई रूपरेखा

**ढीमरखेड़ा।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत प्रतिदिन जल सहेजने को लेकर गतिविधियां आयोजित की जा रही है। ढीमरखेड़ा के धरवारा सेक्टर के कुसेरा गांव में जल संरक्षण को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया गया। जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों के साथ कुसेरा के पुतरिया नाले में श्रमदान कर साफ सफाई किया। पानी के रिसाव वाले स्थान पर खुदाई करते हुए जल का एकत्रीकरण किया और स्थल की सफाई की। सेक्टर प्रभारी कोदुलाल हल्दकार ने बताया कि जंगल के बीच में बने नाले में बारिश के समय जंगल का पानी आकर रुकता है। यहाँ मवेशियों और जंगली जानवरों के पानी पीने की व्यवस्था की गई। इसके अलावा ढीमरखेड़ा विकासखंड की नवांकुर संस्था इमलिया के द्वारा प्रस्तावित आदर्श ग्राम में बैठक कर लोगों के साथ आगामी श्रमदान कार्य करने हेतु योजना तैयार किया। गांव में जागरूकता रैली निकालकर जल संरक्षण का संदेश दिया। जिला समन्वयक डॉ. तेजसिंह केशवाल ने आदर्श ग्राम का भ्रमण कर संस्कार केंद्र और कार्यालय का निरीक्षण किया। इस मौके पर पूर्व मंडल अध्यक्ष गोविंद प्रताप सिंह, विकासखंड समन्वयक बबीता शाह, अरविंद शाह, सीएमसी एलडीपी परामर्शदाता सुमित सिंह, शैलेश दुबे, स्टूडेंट्स नीलम मौर्य, आकाश सिंह, राखी दुबे, सुधीर सिंह, शालिनी सिंह, रूबी सिंह, नरेश सिंह, रामकुमार सहित अन्य ग्रामीणों की सहभागिता रही।

### न्यू क्रिमिनल लॉ पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

**कटनी।** पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉक्टर संतोष कुमार डेहरिया के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कटनी पुलिस कंट्रोल रूम में गत 21 अप्रैल से 23 अप्रैल तक न्यू क्रिमिनल लॉ पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले में पदस्थ तीन डीएसपी, 10 निरीक्षक, 26 उप निरीक्षक, 28 सहायक उप निरीक्षक, 30 प्रधान आरक्षक, 31 आरक्षक, कुल 128 पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। एसपी श्री रंजन ने कहा कि न्यू क्रिमिनल लॉ की जानकारी प्राप्त करने के बाद अब जिले के पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी कानून में हुए परिवर्तन के आधार पर बेहतर तरीके से अपने कार्यों को संपन्न कर सकेंगे। गौरतलब है कि कानून में हुए परिवर्तन की जानकारी प्राप्त कर उसे अपने दैनिक कार्यों में बेहतर तरीके से उपयोग में लाने एवं कानूनी कार्यवाही को और अधिक बेहतर बनाने के उद्देश्य से पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा जिला स्तर पर न्यू क्रिमिनल लॉ का प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने के निर्देश प्रदान किए गए थे।

### हादसे में महिला की मौत, युवक घायल

**कटनी।** ढीमरखेड़ा थाना अंतर्गत हुए सड़क हादसों में एक महिला की मौत हो गई और एक व्यक्ति घायल हो गया। ढीमरखेड़ा थाना प्रभारी मोहम्मद शाहिद ने बताया कि गत देर शाम हुए इस हादसे में सदफ पिता रशीद अहमद 22 वर्ष निवासी अधारताल जबलपुर की मौत हो गई। यह अपने चार पहिया वाहन क्रमांक एमपी 20 टीए 1957 से वापस शहडोल की ओर से वापस लौट रहे थे। चालक की लापरवाही से इनका वाहन अनियंत्रित हो गया। इस हादसे में महिला की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग प्रकरण दर्ज करते हुए मामले को जांच में लिया है। इसी थाना क्षेत्र में हुए हादसे में एक अन्य युवक भी घायल हो गया। यह हादसा खमतरा गांव में हुआ। पुलिस ने बताया कि विजय तिलगाम 23 साल निवासी ग्राम ढीमरखेड़ा घायल हो गया। हादसे के बाद उसे स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल लाया गया। यहां पर युवक की हालत खतरे से बाहर है। मामले में शिकायत पर चालक पर मामला दर्ज किया गया है।

**अधिकारियों एवं एजेंसी संचालक को पानी की गुणवत्ता एवं स्वच्छता का ध्यान रखने दिये निर्देश**

# भीषण गर्मी में ले सकेंगे स्विमिंग पुल का आनंद, महापौर ने किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



वर्तमान समय में पड़ रही भीषण गर्मी ने लोगों का चैन छीन लिया है। तेज तपिश की मार से लोग मौसमी बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। तेज धूप के चलते हवा के गर्म थपेड़े झुलसा देते हैं। गर्मी में लोगों को राहत प्रदान करने के लिए महापौर प्रीति संजीव सूरी ने गुरूवार को नगर के कटाएघाट सुरम्य पार्क स्थित स्विमिंग पूल का जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारी कर्मचारियों की मौजूदगी में भव्य शुभारंभ किया। नागरिक गण निर्धारित शुल्क जमा कर स्विमिंग पुल का आनंद प्रतिदिन दो पालियों में ले सकेंगे। स्विमिंग पूल पी.आर.आर इंटरप्राइजेज दिल्ली की एजेंसी द्वारा आवश्यक नियमों एवं शर्तो सहित सुरक्षा संबंधी संपूर्ण उपायों के साथ संचालित किया जाएगा।

स्विमिंग पूल के शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, मेयर इन काउंसिल सदस्य सुभाष साहू, डॉक्टर रमेश सोनी, गोविंद चावला, एडवोकेट सुरेंद्र गुप्ता, पार्षद श्रीमति रेखा पाठक, शकुंतला सोनी, पूर्व पार्षद राजू माखीजा, विजय डब्बू रजक सहित निगम के राजस्व अधिकारी जागेश्वर पाठक सहित राजस्व विभाग के अन्य अधिकारी कर्मचारी सहित नियुक्त एजेंसी के कर्मचारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने कहा कि जीवन में सबसे बड़ी माया, निरोगी काया है। उन्होंने कहा कि निगम प्रशासन के माध्यम से निरंतर पार्क विकास के कार्य किए जा रहे है। स्विमिंग पूल नागरिकों को स्वस्थ जीवन शैली की ओर प्रेरित करेगा। उन्होंने तैराकी को स्वास्थ्य के लिए लाभप्रद बताते हुए इस सुविधा का लाभ उठाने का आह्वान किया। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने इस अवसर पर अधिकारियों एवं संचालक एजेंसी के प्रतिनिधि को स्विमिंग पूल में जल गुणवत्ता नियंत्रण, स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने और समस्त आवश्यक सुरक्षा मानकों को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### समय किया गया निर्धारित

राजस्व अधिकारी ने स्विमिंग पूल में उपलब्ध सुविधाओं और कार्यप्रणाली का ब्यौरा देते हुए बताया कि नागरिकगण प्रतिदिन दो पालियों में प्रातः 6 बजे से 11 बजे तक एवं शाम 4 बजे से रात्रि 9 बजे तक आनंद ले सकेंगे। तैराकी के लिए प्रति घंटे का समय निर्धारित किया गया है जिसमें 45 मिनट स्विमिंग के लिए तथा 15 मिनट चेंजिंग के लिए निर्धारित किया गया है।

स्विमिंग पूल के उपयोग के दौरान नागरिकों को आवश्यक नियम एवं शर्तो का पालन करना अनिवार्य होगा। जिसके तहत उपयोग के दौरान धूम्रपान, मदिरापान, तंबाकू आदि पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। तैराकों को समुचित कस्टयूम्स पहनकर ही तैराकी करनी होगी तथा लंबे बाल वाले तैराकों को टोपी पहनना अनिवार्य होगा।



## बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाने दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

लिटिल स्टार फाउंडेशन में निवासरत बच्चियों के लिए लघु उद्योग भारती कटनी महिला इकाई ने विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चियों को आत्मनिर्भर बनाने हेतु उन्हें स्वरोजगारपरक कौशल का प्रशिक्षण देना था।

कार्यक्रम के अंतर्गत संस्था की सक्रिय सदस्या श्रीमती रीना कुचिया द्वारा बच्चियों को मेहंदी डिज़ाइनिंग, हल्दी थाली डेकोरेशन और साड़ी पैकिंग जैसे रचनात्मक एवं व्यावसायिक कौशलों का प्रशिक्षण दिया गया। इस सत्र में कुल 47 बच्चियों ने भाग लिया और उत्साहपूर्वक विभिन्न विधाओं की जानकारी प्राप्त की।

महिला इकाई की सदस्यों ने बच्चियों से संवाद स्थापित करते हुए उन्हें आत्मविश्वास एवं आत्मबल के महत्व से परिचित कराया। प्रशिक्षकों ने यह भी बताया कि इन कौशलों को सीखकर कैसे वे भविष्य में आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकती हैं।

इस अवसर पर इकाई की अध्यक्षा श्रीमती प्रिया सोनी ने लघु उद्योग भारती के कार्यों एवं उद्देश्यों की जानकारी देते हुए बच्चियों को प्रोत्साहन स्वरूप उपहार प्रदान किए तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के अंत में बच्चियों द्वारा तैयार की गई थालियों और साड़ियों की एक सुंदर प्रदर्शनी भी आयोजित की गई, जिसे उपस्थितजनों ने खूब सराहा।

**आपत्तियों को नजर अंदाज कर दुकान खोले जाने का आरोप**

## मदन मोहन चौबे वार्ड में विरोध प्रदर्शन के बाद बंद कराई गई शराब की दुकान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



मदन मोहन चौबे वार्ड में धार्मिक स्थल के पास खुली शराब दुकान बंद कराने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन चल रहा है। गत शाम शराब दुकान खोले जाने का स्थानीय जनों ने विरोध किया। जिसके बाद दुकान बंद करा दी गई। महिलाओं ने बताया कि यदि फिर से दुकानें खोली गई तो विरोध करते हुए दुकान के सामने मटकी फोड़ी जाएगी और दुकान का घेराव भी किया जाएगा। स्कूल-धार्मिक स्थल के साथ रहवासी इलाका रहवासियों का कहना है कि अभी जिस जगह दुकान है, वहां स्कूल- धार्मिक स्थल के साथ रहवासी इलाका भी है। ऐसे में हर रोज रहवासी परेशान हो रहे हैं। इसे दूसरी जगह शिफ्ट किया जाना चाहिए। विरोध की जानकारी लगते ही थाना रंगनाथ नगर से एस आई श्री द्विवेदी मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाइश दी। उन्होंने कहा कि यदि शराब दुकान खुलने पर स्थानीय जनों को आपत्ति है तो दुकान नहीं खुलेगी। इस दौरान शराब दुकान संचालक से लाइसेंस से संबंधित दस्तावेजों की मांग कर अवलोकन किया इस संबंध में स्थल से तहसीलदार प्रदीप मिश्रा से दूरभाष पर चर्चा की इसके उपरांत दुकान को बंद कराया।

लोगों का कहना है कि आपत्तियों को नदरअंदाज करते हुए आबकारी विभाग द्वारा देशी व अंग्रेजी शराब की दुकान खोली जा रही थी और शराब भी लाकर रख दी गई थी। जैसे दुकान के सामने शराब दुकान का बोर्ड लगाया जाने लगा लोगों ने इसकी सूचना पूर्व से ही जनप्रतिनिधि सहित जिला प्रशासन को दी जिसके बाद बुधवार की शाम को बड़ी संख्या में स्थानीय जन एकत्रित हो गए और विरोध करते हुए नारेबाजी शुरू कर दी। भारी विरोध के चलते दुकानें बंद करा दी गई। इस मौके पर नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक ने भीड़ को संबोधित करते कहा कि जब तक शराब दुकान पूर्ण रूप से बंद नहीं होंगी यह धरना प्रदर्शन जारी रहेगा।

## मां शारदा समिति के अधिकारियों की निष्क्रियता से दर्शनार्थी हो रहे परेशान

### मंदिर की सीढ़ियों में फुटपाथी दुकानदारों पर क्यों नहीं होती कार्रवाई



**मैहर।** मैहर की मां शारदा समिति के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की मिलीभगत से मंदिर प्रांगण अव्यवस्था का माहौल बना हुआ है। यहां पर प्रतिबंधित क्षेत्र में समिति के जवाबदार लोगों को मुंह मांगा रुपया देकर व्यापार किया जा रहा है जिससे दर्शनार्थियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है लेकिन इस संबधं उच्च स्तर के अधिकारी भी मौन साधे रहते हैं। मैहर के शारदा माता की मंदिर परिसर में नीचे की सीढ़ी से लेकर ऊपर मंदिर तक सीढ़ियों में फुटपाथी दुकान लगाए हुए यह किसके आदेश से हो रहा है यह सभी जानते है मगर हिस्सेदारी को लेकर कोई कार्रवाई नहीं करना चाहता है। मां शारदा के मंदिर से नीचे उतरने वाले मुख्य द्वार पर सिदूर व फोटो लिए खड़े युवक दर्शनार्थियों को रास्ता रोककर जबरदस्ती करते है। इस 10 फिट की रास्ता में आधे से ज्यादा रास्ते में यह चना,सिंदूर,फोटो बेचने वाले दुकानदारों की भरमार रहती है। इन दुकानदारों के द्वारा के सामने खड़ें हो कर सामग्री लेने को बाध्य करते है जिससे दर्शनार्थी असहज हो जाता है। कई दर्शनार्थियों ने बताया है कि यात्रियों को आने जाने में परेशानी होती क्या यहां पर कोई व्यवस्था करने वाले नहीं है पर उन्हें कोई क्या समझाए कि मंदिर में हर क्षेत्र में लूट का बोल बाला है। मंदिर प्रांगण में यात्री निवास,मुंडन,कथा आदि स्थानों में बड़ें पैमाने पर हेर फेर होता है लेकिन कोई जांच नहीं होती है। यहां पर तो पैसा दो और मनमानी अवैध कमाई वाले स्थानों में अपनी डियूटी लगवाकर खाओ और खवाओं का धंधा सिर चढ़कर बोल रहा है।



## बारडोली वेलफेयर सोसायटी द्वारा लगवाए गए वाटर कूलर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा

बारडोली वेलफेयर सोसाइटी द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़वारा के परिसर एवं तहसील कार्यालय लोक सेवा केंद्र बड़वारा में दो वाटर कूलर प्रदान कर गर्मी में शीतल पेयजल प्रदाय करबाने हेतु पुण्य कार्य किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़वारा के मुख्य खण्ड चिकित्साधिकारी डॉ अनिल झामनानी तथा तहसीलदार बड़वारा संदीप सिंह, नायब तहसीलदार इसार खान एवं बारडोली वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष आर एल चौधरी एवम लोकसेवा केंद्र बड़वारा प्रबंधक राजकुमार चौधरी की उपस्थिति में वाटर कूलर का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में मुख्य रूप से बड़वारा के पूर्व सरपंच गया प्रसाद विश्वकर्मा, रवि राय, आराधना तिवारी, काशी विश्वकर्मा, माया गुप्ता एवं कार्यक्रम अधिकारी शिवकुमार चौधरी का योगदान रहा।

### 31 मई तक पुनः खोला गया पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति का पोर्टल

**कटनी।** पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत एमपी टास पोर्टल के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन करने हेतु शैक्षणिक सत्र 2024-25 का पोर्टल 31 मई तक पुनरू खोला गया है। सभी शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालय के नोडल प्राचार्यों तथा सभी शासकीय एवं अशासकीय तकनीकी एवं प्रशिक्षण संस्थाओं को निर्देशित किया गया है कि शैक्षणिक सत्र 2024-25 के नवीन एवं नवीनीकरण के ऐसे विद्यार्थी जो किसी कारणवश ऑनलाईन आवेदन नही कर पाये थे। उन छात्र-छात्राओं हेतु पुनः पोर्टल खोला गया है। इस अवधि के पश्चात यदि कोई विद्यार्थी ऑनलाईन आवेदन करने से वंचित रहता है तो इस हेतु छात्र-छात्रा एवं संस्था प्रमुख स्वतः जवाबदार होंगे। सभी संस्थाऐं पात्र विद्यार्थियों के पोर्टल पर आवेदन कराना सुनिश्चित करें।

**जल गंगा अभियान के तहत श्रमदान कर की गई तालाब की सफाई**

## चौपाल, संगोष्ठी एवं रैली के माध्यम से वर्षा जल संवर्धन हेतु किया गया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर संपूर्ण जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जिले में जीर्ण-शीर्ण पेयजल एवं जल स्त्रोतों के रखरखाव के लिए साफ-सफाई एवं स्वच्छता का कार्य किया जा रहा है। साथ ही प्राचीन कुएं बावड़ी, छोटी नदियां, तालाब, सरोवर की साफ-सफाई कर उसे पेयजल के लिए पुनर्जीवित करने का कार्य प्राथमिकता से किया जा रहा है।

जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में जनपद पंचायत रीठी के उपाध्यक्ष प्रकाश चंद्र शाहू की अध्यक्षता में पिपरिया परोहा के अंतर्गत ग्राम पंचायत खमरिया नंबर 2 में नवांकुर संस्था युवा सवेरा समिति पिपरिया परोहा के समन्वय एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के सहयोग से जल संवर्धन को दृष्टिगत रखते हुए चौपाल का आयोजन किया गया।



गुरूवार को ग्राम पंचायत खमरिया नंबर दो के हनुमान घाट तालाब में अधिकतम वर्षा जल को संचित करनें हेतु ग्राम वासियों एवम सेक्टर 5 से आई ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियां, सीएमसीएल डी पी के छात्र के सहयोग से श्रमदान करते हुए व्याप्त कचरा एवं गाद को निकाल कर साफ-सफाई का कार्य किया गया। साथ ही आसपास उगी हुई झाड़ियों की सफाई की गई।

तेज सिंह केशवाल ने उपस्थित ग्राम वासियों से चर्चा करते हुए सभी को जल स्त्रोतों के संरक्षण के लिए स्वयं आगे आने हेतु प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने कहा कि बरसात के पानी को अधिक से अधिक जमीन के अंदर पहुंचाने की दृष्टि से घर -घर में सोख्ता गड्ढा बनाया जाना जरूरी है। जिसके लिए हम सभी प्रयास कर जल संवर्धन के इस पुनीत कार्य में सहभागी बनें। जिससे हमारा आने वाला कल सुरक्षित हो सके। विकासखंड समन्वयक अरविंद शाह ने प्रेरक कहानी के माध्यम से जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत चलाए जा रहे सभी गतिविधियों और कार्यक्रमों की विस्तार से जानकारी दी, जिसमें जन-जागरूकता के लिए दीवार लेखन, चौपाल, संगोष्ठी रैली और जल स्त्रोतों के श्रमदान से साफ-सफाई विशेष रूप से शामिल है।

इस कार्यक्रम में परामर्शदाता गोवर्धन रजक,के द्वारा गुणवत्ता की जानकारी दी गई और जल संवर्धन के लिए शपथ दिलाई गई। इस कार्यक्रम मे सहकारिता सभापति संतोष माझी ने अधिक संख्या में ग्रामीणों को इस अभियान से जुड़कर कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

**85 केन्द्रों में चल रहा उपार्जन कार्य, 4230 किसानों ने बेची उपज**

# जिले में अब तक 29 हजार 70 मीट्रिक टन गेहूँ की हुई खरीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



रबी विपणन वर्ष 2025-26 में जिले में समर्थन मूल्य पर अब तक 85 खरीदी केन्द्रों के माध्यम से 4 हजार 230 किसानों से 29 हजार 70 मीट्रिक टन गेहूँ का उपार्जन किया जा चुका है।

### उपार्जन में बहोरीबंद अव्वल

गेहूँ खरीदी के मामले में बहोरीबंद तहसील अग्रणी है। यहां अब तक 1295 कृषकों से 8 हजार 796 मीट्रिक टन गेहूँ उपार्जित किया गया है। गेहूँ उपार्जन के मामले में ढीमरखेड़ा तहसील दूसरे स्थान पर है। जहां 1123 किसानों से 6 हजार 971 मीट्रिक टन गेहूँ खरीदा गया है। वहीं तीसरे स्थान पर जिले की विजयराघवगढ़ तहसील है। जहां 554 किसानों ने 3 हजार 916 मीट्रिक टन गेहूँ की बिक्री की है।

इसी प्रकार स्लीमनाबाद तहसील गेहूँ खरीदी के मामले में जिले में चौथे स्थान पर है। जहां 423 किसानों ने 3 हजार 511 मीट्रिक टन गेहूँ की बिक्री की है। इसके अलावा रीठी तहसील जिले में पांचवे स्थान पर है। जहां के 488 किसानों ने 3 हजार 54 मीट्रिक टन गेहूँ की बिक्री किया है। जबकि कटनी ग्रामीण एवं कटनी नगर तहसील संयुक्त रूप से छठवें पायदान पर है। जहां अब तक 161 किसानों ने 1 हजार 454 मीट्रिक टन गेहूँ की बिक्री की है। इसके अलावा बरही तहसील में 98 किसानों ने 722 मीट्रिक टन गेहूँ की बिक्री की है। इस प्रकार गेहूँ उपार्जन के मामले में बरही तहसील सातवें स्थान पर है। जबकि बड़वारा तहसील के 88 किसानों ने 645 मीट्रिक टन गेहूँ की बिक्री किया है। और बड़वारा गेहूँ उपार्जन के मामले में जिले में अंतिम पायदान पर है।

### गेहूं की बिक्री के लिए 30 अप्रैल तक कर सकेंगे स्लॉट बुकिंग

रबी विपणन वर्ष 2025-26 के लिए रबी उपार्जन हेतु किसान पंजीयन कार्य 5 मई तक समस्त कार्य दिवसों में (रविवार एवं शासकीय अवकाश को छोड़कर) किया जाना है। कृषक द्वारा उपज विक्रय हेतु स्लॉट बुकिंग उपार्जन के अंतिम 10 दिवस को छोड़कर की जा सकेगी एवं स्लॉट की वैधता अवधि 07 कार्य दिवस का प्रावधान किया गया है। जिले के समस्त कृषक बन्धुओं से अपील की गई है कि वह अपने गेहूँ के स्लॉट की बुकिंग 30 अप्रैल तक कर सकते हैं।

जिले में कुल 9 लाख 47 हजार 99 हितग्राहियों में से मात्र 7 लाख 53 हजार 966 हितग्राहियों द्वारा ई-केवाईसी की गई है। जो कि 79.61 प्रतिशत है। जिले में अभी भी 1 लाख 93 हजार 133 हितग्राहियों की ई-केवाईसी किया जाना शेष है। जिन हितग्रहियों द्वारा ई-केवाईसी नहीं कराई गई है, ऐसे हितग्राहियों से अपील की गई है कि वह अपनी नजदीकी राशन दुकान में जाकर 30 अप्रैल तक ई-केवाईसी करवा लें। ई-केवाईसी नहीं करवाने वाले हितग्राहियों का राशन आगामी माह में बंद होने की संभावना है।

## बेरोजगार युवाओं के पास स्व रोजगार का सुनहरा मौका

**उद्यम क्रांति योजना के तहत 25 लाख रूपए तक का मिलेगा ऋण**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिले के बेरोजगार युवाओं के स्वरोजगार के लिए जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र कटनी द्वारा मुख्यमंत्री उद्यम क्रान्ति योजना संचालित की जा रही है। जिसमें समस्त आवेदक पात्रतानुसार आवेदन कर लाभ प्राप्त कर सकते हैं। इस योजना के अंतर्गत खुदरा व्यवसाय एवं सेवा व्यवसाय हेतु 50 हजार रूपये से लेकर 25 लाख रूपये तक की और उद्योग (विनिर्माण) हेतु 50 हजार रूपये से लेकर 50 लाख रूपये तक की औद्योगिक इकाईयां स्थापित की जा सकेंगी। योजनान्तर्गत राज्य शासन द्वारा हितग्राहियों को वितरित ऋण के सबंध में 3 प्रतिशत की दर से अधिकतम 7 वर्ष तक ब्याज अनुदान दिया जाता है। साथ ही योजनान्तर्गत ऋण ग्रारंटी शुल्क प्रचलित दर पर अधिकतम 7 वर्षों तक प्रतिपूर्ति के रूप में देय होती है।

मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना का लाभ लेने हेतु आवेदक को मध्यप्रदेश का स्थानीय निवासी होना आवश्यक है। साथ ही ऐसे युवा जो न्यूनतम 8वीं कक्षा उत्तीर्ण हों एवं उनकी आयु 18 से 45 वर्ष के मध्य हो एवं वार्षिक आय 12 लाख से कम हो, आवेदन कर सकते हैं।

इच्छुक युवा परियोजना प्रतिवेदन, आधार कार्ड, समग्र आईडी, फोटो, बैंक पासबुक, कोटेशन, पेनकार्ड आदि समस्त दस्तावेजों के साथ एमपी आनलाईन से आवेदन कर योजना का लाभ उठा सकते हैं।

**खबर संक्षेप**

### स्त्री रोग विशेषज्ञ द्वारा किया जायेगा स्वास्थ्य परीक्षण

**दमोह।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मुकेश जैन ने बताया कि विस्तारित प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत हर माह की 25 तारीख को स्वास्थ्य संस्थाओं में स्त्री रोग विशेषज्ञ की उपस्थिति में विशेष स्वास्थ्य जांच क्लीनिक आयोजित किये जाते है। 25 तारीख दिन शुक्रवार टीकाकरण दिवस होने के कारण स्वास्थ्य संस्थाओं में आयोजित किये जाने वाले विशेष स्वास्थ्य जांच क्लीनिक में बदलाव किया गया है। विशेष स्वास्थ्य जांच क्लीनिक 26 तारीख दिन शनिवार को सिविल अस्पताल हटा, एवं शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र जटाशंकर (बीडी कालोनी) सहित सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में आयोजित किये जायेंगे। जिसमें समुदाय एवं संस्था स्तर पर चिन्हित उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण-जांच, समुचित उपचार सेवायें स्त्री रोग विशेषज्ञ/स्किल लैब प्रशिक्षित चिकित्सक द्वारा दी जायेगी।इसी क्रम में जिला चिकित्सालय में 28 तारीख दिन सोमवार को विशेषज्ञों द्वारा हिण्डोरिया क्षेत्र के बांसातारखेड़ा,अभाना पॉलर की चिन्हित जोखिम वाली महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की जायेगी।

### बरपटी एवं ग्राम डिग्सर में विधिक जागरूकता शिविरों का आयोजन

**दमोह।** म.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष पी.सी.गुप्ता के मार्गदर्शन में आंगनबाड़ी केन्द्र बरपटी में महिलाओं के कानूनी अधिकार के संबंध में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में दिव्या रामटेके, न्यायिक मजिस्ट्रेट ने उपस्थित महिलाओं को घरेलू हिंसा अधिनियम के प्रावधानों, ऐसिड अटैक से पीड़ितों के लिए विधिक सहायता योजना, पीड़ति प्रतिकर योजना, बच्चों को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवायें योजना, पॉक्सो अधिनियम के प्रावधानों, कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न निवारण अधिनियम, निःशुल्क विधिक सहायता योजना, नेशनल लोक अदालत के संबंध में जानकारी दी गई। इसी तारतम्य में ग्राम डिग्सर में ''नशा मुक्ति अभियान'' विषय पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में ज्ञानेन्द्र कुमार शुक्ला, सिविल जज वरिष्ठ खंड/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह ने बताया कि नशा एक अभिशाप है, यह ऐसी बुराई है, जिससे व्यक्ति अनमोल समय पूर्व ही मौत का शिकार हो रहे हैं नशा व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक व आर्थिक क्षति पहुंचाने के साथ ही सामाजिक स्थिति को भी प्रभावित करता है, इस कारण नशे से दूर रहना चाहिए। राजीनामा योग्य प्रकरणों को नेशनल लोक अदालत में कराये जाने के संबंध में बताया।

## वीडियो वायरल करने की धमकी देकर पैसे वसूलते रहा आरोपी

# युवक के साथ तीन साल से दुष्कर्म धमकी देकर वसूले ढाई लाख रूपए

### युवक की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध अनेक धाराओ में मामला दर्ज कर आरोपी को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह/तेंदूखेड़ा

देहात थाना अंतर्गत निवासी एक युवक के साथ तेंदूखेड़ा नगर के शैलेन्द्र अवस्थी पिता लक्ष्मी प्रसाद अवस्थी वार्ड क्रमाक 4 यादव मौहल्ला के द्वारा लगभग तीन से दुष्कर्म करने एंव मोवाईल पर बीडियों बनाकर वायरल करने की धमकी देकर लगभग ढाई लाख रूपए बसूल किए। जाने पर पीडित युवक की षिकायत पर तेंदूखेड़ा पुलिस आरोपी के विरूद्ध धारा 377.384.506 के तहत मामला दर्ज किया है। साथ ही पुलिस ने गुरूवार को आरोपी को पुलिस ने गिरफतार कर लिया है और आज आरोपी को न्यायलय में पेश किया जाएगा। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्राथी युवक जो दमोह देहात का रहने वाला है। मजदूरी करता हूँ। शैलेन्द अवस्थी निवासी तेंदूखेड़झ से मेरी माह 08 अक्टूबर वर्ष 2022 में दमोह में मुलाकात हुई थी जो जान पहचान हो जाने के कारण हम दोनों ने एक दूसरे का फोन नंबर ले लिया था और हम लोग आपस में बात करने लगे थे। शैलेन्द्र अवस्थी निवासी तेंदूखेडा ने मुझे 23 अक्टूबर 2022 को तेंदूखेड़ा बुलाया था और घुमाने का बोलकर मुझे झरौली नाले के पास ले गया और रात करीब 09 बजे मेरे साथ नाले के पास शैलेन्द्र ने मेरे साथ दुष्कर्म किया। जिसका शैलेन्द अवस्थी ने वीडियो बना लिया था और मुझे धमकी दी कि यदि तूने मेरा कहा नहीं माना तो मैं तेरा ये वीडियो वायरल कर दूंगा और मुझसे पैसो की मांग करने लगा।

इसके बाद शैलेन्द्र अवस्थी ने मुझे कई बार अपने घर बुलाया और मेरे साथ गलत काम किया और वीडियो वायरल नहीं करने के एवज में शैलेन्द्र अवस्थी ने मुझसे कई बार नगद कभी 10 हजार कभी 20 हजार करके करीव मुझसे 2.50 लाख रूपये ले लिये है शैलेन्द्र अवस्थी ने पिछले तीन साल से मेरा शारीरिक शोषण किया है।

आखरी बार 31 जनवरी 2024 को ने अपने घर बुलाकर गलत काम किया था। अब मेरे पास शैलेन्द्र अवस्थी को देने के लिये पैसे नहीं थे मेरे पास केवल मरने की नौबत आने से मैं रिपोर्ट करने आया हूँ।

## देहात थाना पुलिस ने अंधे कत्ल का किया खुलासा

**दमोह।** देहात थाना पुलिस ने अंधा कत्ल का खुलासा कर आरोपियों को पकडने में सफलता प्राप्त की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक महोदय श्रुतकीर्ति सोमवंशी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक व नगर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में विवेचना करते हुये थाना दमोह देहात चौकी जबलपुर नाका के अन्तगर्त मारूताल टेक पास दिनांक 09 मार्च 2025 की रात्री मे मारूताल जबलपुर रोड पर दो अज्ञात व्यक्तियो व्दारा मृतक कमल सींग राजपूत के साथ मारपीट की गई थी जो जबलपुर मे इलाज के दौरान कमल सींग राजपूत कि दिनांक 13/03/25 को मृत्यु हो गई थी। पुलिस ने अपराध क्रमांक में 184/25 धारा-115, 118(1), 296,351(2),3(5), धारा 103 (1) बी.एन.एस. के तहत मामला दर्ज किया गया था। थाना दमोह देहात पुलिस व्दारा लगातार



विवेचना करते हुये विवेचना की कडिया जोडते हुए एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर अंधे कत्ल का खुलासा कर अज्ञात आरोपियो की पहचान एवं तलाश कर दिनांक 24 अप्रैल 25 को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय एवं दूसरे विधि विवादित बालक को किशोर न्यायालय पेश किया गया। गिरफ्तार आरोपियो में संजू यादव पिता मन्नू यादव उम्र 19 वर्ष निवासी आमचौपरा थाना दमोह देहात, विधि उल्लंघनकर्ता बालक शामिल है। आरोपियों को गिरफ्तार करने मे उत्कृष्ट कार्य करने वालों में थाना प्रभारी दमोह देहात निरीक्षक रचना मिश्रा, चौकी प्रभारी जबलपुर नाका सउनि आनंद कुमार, प्र. आर. हरगोविंद, प्र.आर. सचिन, प्र. आर. दीपक, प्र.आर. नंदलाल, प्र.आर. सुमन यादव, प्र.आर. संजय पाठक, आर पवन, आर. रूपेश यादव, आर. कुलदीप, म.आर. निकिता सिंह, सै. महफूज, सै. साहवलाल, सै. सुनील तिवारी, म.सै. रेखा, प्रभा. साइबर सेल से प्र.आर. सौरभ टंडन, राकेश अठ्या, की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## शिकायतों के बावजूद विभाग नहीं दे रहा ध्यान

# कोंरता में महीने भर से बंद पड़ा ट्रांसफार्मर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

जनपद पंचायत जबेरा एवं विद्युत वितरण केंद्र जवेरा के अंतर्गत आने वाले ग्राम कोंरता कॉलोनी में विगत महीने भर से ट्रांसफार्मर बंद पड़ा है। जिसकी शिकायत ग्रामवासियों द्वारा अनेकों बार बिजली विभाग में करने के बावजूद आज तक ट्रांसफार्मर बदला नहीं गया जिससे ग्रामवासीयों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम निवासी रोहित मेहराए रवि रायए हीरा मेहराए मझली बहूए सुहागरात रानीए जलेबी बाई आदि ने बताया कि यहां करीब 60 से 70 परिवार निवासरत हैं जिससे ट्रांसफार्मर के खराब होने से काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिसकी शिकायत ग्रामवासियों द्वारा कई बार विद्युत कर्मचारियों को की गई किंतु आज तक समस्या का समाधान नहीं हुआ। वहीं ग्राम निवासी एनएसयूआई विधानसभा अध्यक्ष प्रवीण राय ने बताया कि यह समस्या केवल कोंरता ही नहीं बल्कि ग्राम जोगीखेड़ा में भी विगत 15 दिनों से ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण ग्राम वासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और इसी तरह की समस्या जबेरा ब्लॉक के कई ग्रामों में देखने को मिल रही है। स्कूल कॉलेजों में के पेपर चल रहे हैं बिजली नहीं होने के कारण छात्रों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है वही ओवरलोड का बताकर दिन में दो.दो घंटे बिजली कटौती की जा रही है जिसकी शिकायत करने के बाद भी कोई सुधार कार्य नहीं हो रहा है। ग्राम वासियों ने कहा कि अगर समस्या का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो जबेरा बिजली विभाग के सामने धरना प्रदर्शन किया जाएगा और जिसकी जवाबदारी बिजली विभाग की होगी।

**इनका कहना है**

कल सागर गाड़ी जा रही है वहां से ट्रांसफार्मर लाकर शीघ्र ही रखवाया जाएगा साथ ही ग्राम कोंरता में कुछ लोगों के बिल बकाया है वह भी थोड़ा.थोड़ा करके जमा करने का प्रयास करें ताकि इस तरह की समस्या आगे ना हो।

**-महेश महंतोंए कनिष्ठ यंत्री विद्युत वितरण केंद्र जबेरा**

## पथरिया कृषि उपज मंडी 3 दिन बाद खुलेगी

**पथरिया।** कृषि उपज मंडी वैसे तो सप्ताह में 5 दिन खुलती है। शनिवार रविवार को बंद रहती है। पर अगर उसमें भी कोई ऐसा काम आ जाए और शुक्रवार को व्यापारियों या हम्माल संघ द्वारा बंद कर दी जाए तो निरंतर 3 दिन हो जाते है जिससे किसानों को अगर आवश्यकता हो तो मजबूरन सस्ते में बेचना पड़ता है। गुरुवार को मंडी प्रशासन द्वारा सूचना दी समस्त कृषक भाइयो को सूचित किया जाता है कि व्यापारी संघ पथरिया द्वारा प्रस्तुत आवेदन अनुसार कश्मीर के पहलगांव में हिन्दुओं की गई हत्या के विरोध में दिनांक 25/04/2025 को मंडी पथरिया में डाक नीलामी का कार्य बंद रहेगा, सोमवार दिनांक 28/04/2025 को डाक नीलमी का कार्य पुनः शुरु किया जाएगा आदेशानुसार मंडी प्रशासन पथरिया।

## पहलगाम हमले में मारे गये लोगो को दी गयी श्रद्धांजली



**दमोह।** पहलगाम जम्मूकश्मीर में पर्यटको पर हुए आतंकी हमले में करीब 26 पर्यटक असमय काल के गाल में समा गये आतंकियो की इस कायराना हरकत से समूचे विश्व में शोक एवं आक्रोश का माहौल व्याप्त है जहाँ तमाम सारी केन्द्रीय एजेंसियो को आतंकी समूह के खात्मे के लिए आगाह कर दिया गया है एवं ऐसी घटना की पुर्नरावृत्ति न हो संबंध में भारत सरकार द्वारा निर्देश जारी कर दिये है। इस संबंध में एक सकुर्लर जारी कर माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर के द्वारा सभी अधीनस्थ न्यायालयो को पहलगाम आतंकी हमले में मृत हुये परिजनो के प्रति संवेदना प्रकट करने शोक सभा व दो मिनिट मौन धारण करने निर्देशित किये जाने के तारतम्य में जिला न्यायालय दमोह सहित में प्रधान न्यायाधीश पी.सी. गुप्ता के मार्गदर्शन में समस्त न्यायाधीक्षगण जिला अधिवक्ता संघ दमोह के अध्यक्ष कमलेश भारद्धाज, उपाध्यक्ष सुरेश खत्री एवं सचिव सुधीर पांडे द्वारा समस्त अधिवक्ताओ उपस्थिति में शोक सभा में दो मिनिट मौन धारण कर पहलगाम आतंकी हमले शहीद एवं हताहत हुये व्यक्तियो के प्रति श्रद्धांजली अर्पित की उक्त शोक सभा में वरिष्ट अधिवक्ता सुरेश मेहता, भगवती श्रीवास्तव, गजेन्द्र चौबे, पंकज खरे, जलज हर्ष श्रीवास्तव शासकीय अधिवक्ता मुकेश जैन, राजीव सिंह ठाकुर सहित संघ के सभी अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## किसानों द्वारा कलेक्टर के आदेश की हो रही अवहेलना

### नहीं रुक रहा खेतों में नरवाई जलाने का सिलसिला



**दमोह।** तेंदूखेड़ा तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम बिसनाखेड़ी का मामला हल्ले यादव पिता मल्ली यादव द्वारा अनुविभागीय अधिकारी को पत्र द्वारा अवगत कराया गया कि भगवानदास यादव पिता रूप लाल यादव द्वारा अपने ही खेत की नरवाई (फसल अवशेष) में आग लगा दी सरहद से लगे खेत की विरवाई जल गई। डॉयल 100 पर सूचना दी गई जब तक कि फायर ब्रिगेड मौका पर पहुंची तब तक उड़द की फसल झुलस गई। ओर मवेशियों को रखे भूसा एवं पयार जलकर ख़ाक हो गया। भगवानदास से पूछने जाने पर कि आग क्यों? लगाई तो वह पीड़ित किसान हल्लेभाई को गली गलौज एवं कुल्हाड़ी से मारने का प्रयास किया गया। इस प्रकार की गुहार अनुविभागीय अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत की गई। इस जानकारी को प्राप्त कर तहसीलदार डॉ विवेक व्यास द्वारा थाना प्रभारी को आदेशित कर कड़ी से कड़ी कार्यवाही करने का पत्र जारी किया गया। थाना प्रभारी द्वारा बीट प्रभारी को जांच कर एफआईआर दर्ज करने के लिए आदेशित किया गया है। सरपंच गुलई सिंह ने बताया कि हमनें पटवारी को अवगत करा दिया है। इस प्रकार किसानों की लापरवाही के चलते पशु धन के लिए चराने की समस्या निर्मित हो रही है। एवं फसल के किसान मित्रकीट को नुकसान पहुंच रहा है जिसने मिट्टी की उर्वरता में असर पड़ रहा है। इस प्रकार शासन की नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही है। किसानों के लाभ को लेकर प्रशासन दिन प्रतिदिन नए- नए प्रकार की गाइडलाइन तैयार करती है। ऐसी उद्दंड किसानों पर प्रशासन का शिकंजा कसा जाएगा तभी उनको नियम कानून समझ में आएगा।

## सिंग्रामपुर पुलिस घेरा बंदी कर पकडी 9 पेटी अवैध शराब




**सिंग्रामपुर।** सिंग्रामपुर पुलिस ने अवैध शराब गतिविधियों पर अंकुश लगाने हेतु , श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय ,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय दमोह के निर्देशन पर, श्रीमान एसडीओपी महोदय तेंदूखेड़ा के मार्गदर्शन पर श्रीमान थाना प्रभारी महोदय जबेरा चौकी सिंग्रामपुर पुलिस द्वारा आरोपी को ग्राम भैसा मै अनिल राय उर्फ अंटेश पिता राजेंद्र राय कोडरता पिपरिया जोकि अवैध रूप से शराब तेंदूखेड़ा से भैंस ऊपर पहाड रास्ते काले कलर की स्कॉर्पियो से सिंग्रामपुर ला रहा था मुखबिर की सूचना के बाद सिंग्रामपुर चोकी प्रभारी आलोक तिरपुडे ने थाना जबेरा सिंग्रामपुर की संयुक्त टीम के द्वारा टीम के साथ दबिश देकर आरोपी विरूद्ध 34 (2) 42 आब. एक्ट की कार्रवाई की गई जिसमें 44 हजार 800रुपए की शराब जब्त की गई।पुलिस को अबैध शराब पर बडी सफलता प्राप्त हुई है इस कार्यवाही में चौकी प्रभारी आलोक तिरपुड़े, उप निरीक्षक गणेश दुबे प्रधान आरक्षक सतीश प्रधान आरक्षक जालम, प्रधान आरक्षक नारायण सिंह, आरक्षक राम मनोहर, दिलीप, सैनिक शिव विश्वकर्मा एनआरएस गुलाब धर्मेंद्र के साथ कि महत्वपूर्ण की महत्वपूर्ण भूमिका रही वहीं पुलिस दूसरे आरोपी की तलाश करने लग गई है।

## क्रेशर खदान पर पहुंचे बटियागढ़ तहसीलदार, नोटिस जारी



**दमोह।** बटियागढ़ तहसीलदार योगेंद्र चौधरी बटियागढ़ ब्लॉक के गूगराकला गांव में संचालित क्रेशर खदान पर पहुंचे, तहसीलदार ने यहां संचालित क्रेशर खदान की जांच की और आवश्यक कार्रवाई की साथ ही क्रेशर संचालक को नोटिस जारी करते हुए क्रेशर खदान से संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करने निर्देश दिए गए हैं,दस्तावेजों की जांच के उपरांत आवश्यक कार्यवाही की जावेगी। तहसीलदार योगेन्द्र चौधरी ने बताया कि कलेक्टर दमोह सुधीर कोचर के निर्देश पर जांच की गई है।

## विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन



**दमोह।** मानव एकता दिवस के अवसर पर मिशन द्वारा देशभर में रक्तदान शिविर की प्रेरक श्रृंखला आरंभ होती है, इसी श्रृंखला में आज 24 अप्रैल 2025 को संत निरंकारी मिशन की शाखा दमोह में विशाल रक्तदान शिविर संपन्न हुआ, इस शिविर का शुभारम्भ जबलपुर से आए हुए अथिति महात्मा रोहित आसवानी एवं सिंधी समाज अध्यक्ष अनिल कोटवानी और टीम द्वारा रिबन काटकर किया गया, शिविर में 104 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया, जिसमें 65 भाई एवं 39 महिलाओं ने रक्तदान कर मानवता का सुंदर संदेश दिया, शिविर की सुंदर व्यवस्था ब्रांच दमोह संचालक राजकुमार सोनी एवं उनके पूरे सेवादल भाई बहिनों,ै छब्ब् मेंबर्स द्वारा सुंदर रूप से की गई वही जिला चिकित्सालय की पूरी डॉक्टर्स टीम के सहयोग से इस शिविर को संपन्न किया गया जो निःस्वार्थ सेवा भावना की सामूहिक जागृति का स्वरूप बनकर पूरे वर्ष समाज में प्रवाहित होती रहती है। इसके साथ ही सत्संग कार्यक्रमों के माध्यम से प्रेम, शांति और समरसता का प्रकाश भी जन - जन तक पहुँचाया जाता है। यह दिन इस बात का परिचायक है कि सेवा केवल एक कार्य नहीं, अपितु निष्काम समर्पण का आत्मिक भाव है। इस वर्ष भी, संत निरंकारी चौरिटेबल फाउंडेशन द्वारा पूरे भारतवर्ष की लगभग 500 से अधिक ब्रांचों पर भव्य रक्तदान शिविरों की अविरल श्रृंखला आयोजित की गई।

# आतंकी सरगनाओं की कायराना हरकत शर्मनाक- रतनचंद जैन



**दमोह।** पहलगाम में आतंकियो द्वारा कायराना हरकत करके निर्दोष 28 पर्यटको को उनके परिवार के सामने गोली मार दी गई उन आतंकियो को और उनके पीछे बैठे मास्टर माइंड आंतकियो को माकूल जबाव देने को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में बस स्टेण्ड चौराहे पर कांग्रेसजनों ने पुतला जलाकर आतंकवाद को खत्म करने अपना विरोध प्रदर्शन किया। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रतनचंद जैन ने हमारे देश के प्रधानमंत्री से मांग की है कि जिन आतंकवादियो ने कायराना हरकत करके निर्दोष पर्यटको को असमय मार दिया गया उनको तो ढुड़कर मारा जाये साथ ही पर्दे के पीछे से जो यह धृणित कराया जा रहा है उन्हें ऐसी सजा दी जाये कि उनकी रूहें भी काप जायें। संजय चौरसिया, तिलक सींग, राजेश तिवारी, लालचंद राय, रजनी ठाकुर, सुषमा विक्रम ठाकुर, वीरेन्द्र राजपूत, आशीष पटेल, नितिन मिश्रा, प्रफुल्ल श्रीवास्तव, पप्पू कसोटया, अफजल खान, शैलेन्द्र सिंह, कमला निषाद, शमीम कुरैशी, उवेद गौरी, डीपी पटेल, गोलू चौरसिया, रियाज खान, केके अग्रवाल ने भी पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए कहा कि मासूम बच्चो के सामने उनके पिता की हत्या करना कहा कि बहादुरी है हम सबकी माननीय पीएम से मांग है कि अभी हुक्का पानी तो बंद कर दिया है उनकी सर्जिकल स्ट्राइक की जायें। इस अवसर पर बसंत कुशवाहा, अमित नामदेव, अभिषेक डिम्हा, अलीम ठेकेदार, वीरेन्द्र चौबे, हेमराज पार्षद, संजय सेठ, एके चिश्ती, अमित बुधौल्या, गौरव राय, मानक अहिरवार, गोदीराम रैकवार, इनायत अली, जावेद खान सहित अनेको कांग्रेसजनों की उपस्थिति रही। शुक्रवार को आज अंबेडकर चौक से कैडिल मार्च प्रारंभ होकर घंटाघर तक कांग्रेसजन जायेगें।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद हटा जिला दमोह**

क./निविदा/2025/131 **/ / निविदा आमंत्रण सूचना / /** हटा दिनांक 23/04/20245

एतद द्वारा सर्व संबंधितो को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद हटा को निम्नलिखित सामग्रियों/कार्य की आवश्यकता है, इस हेतु आईटम दर के आधार पर आनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदाकार निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देख सकते हैं।

| क्र. | टेंडर क्र. जारी दिनांक | कार्य का नाम एवं स्थान | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र एवं अमानत राशि | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_418737_1 24-04-2025 | विघुत सामग्री सप्लाई कार्य। | 1- वित्तीय वर्ष 2025-26 2- 35.00 लाख | 1- 5000.00 2- 27000.00 | 26.05.2025 |
| 2 | 2025_UAD_418738_1 24-04-2025 | जलप्रदाय एवं हैण्डपम्प सुधार सामग्री सप्लाई कार्य। | 1- वित्तीय वर्ष 2025-26 2- 35.00 लाख | 1- 5000.00 2- 27000.00 | 26.05.2025 |
| 3 | 2025_UAD_418739_1 24-04-2025 | एलम एवं ब्लीचिंग पाउण्डर सप्लाई कार्य। | 1- वित्तीय वर्ष 2025-26 2- 35.00 लाख | 1- 5000.00 2- 27000.00 | 26.05.2025 |
| 4 | 2025_UAD_418740_1 24-04-2025 | मोटर पम्प सुधार सामग्री। | 1- वित्तीय वर्ष 2025-26 2- 20.00 लाख | 1- 2000.00 2- 15000.00 | 26.05.2025 |
| 5 | 2025_UAD_418741_1 24-04-2025 | किराये पर टेण्ट सामग्री प्रदाय कार्य | 1- वित्तीय वर्ष 2025-26 2- 25.00 लाख | 1- 5000.00 2- 19000.00 | 26.05.2025 |
| 6 | 2025_UAD_418742_1 24-04-2025 | वेट वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट एवं एम.आर.एफ. प्लांट हेतु मशीनरी क्रय। | 1- वित्तीय वर्ष 2025-26 2- 49.50 लाख | 1- 5000.00 2- 38000.00 | 26.05.2025 |
| 7 | 2025_UAD_418743_1 24-04-2025 | स्वच्छता सर्वेक्षण अंतर्गत पेंटिग कार्य। | 1- वित्तीय वर्ष 2025-26 2- 10.00 लाख | 1- 2000.00 2- 10000.00 | 10.05.2025 |
| 8 | 2025_UAD_418744_1 24-04-2025 | फ्लेक्स एवं मुद्रण कार्य। | 1- वित्तीय वर्ष 2025-26 2- 10.00 लाख | 1- 2000.00 2- 10000.00 | 10.05.2025 |

नोट:- निविदा में किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन www.mptenders.gov.in की बेवसाइट पर ही प्रकाशित किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नही किया जावेगा ।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**हटा जिला दमोह (म.प्र.)**